पत्रिका {रीवा विंध्य}
REWA VINDHYA

पत्रिका
सतना, रविवार, 23 मार्च, 2025
SUNDAY 05
patrika.com


सैनिक स्कूल रीवा में कार्यक्रम

# मेजर जनरल ने कैडट्स को किया प्रेरित

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रीवा.** सैनिक स्कूल रीवा में मेजर जनरल एस राधाकृष्णन एमजी मेड हेडक्वार्टर मध्यभारत एरिया जबलपुर शनिवार को रीवा पहुंचे।

उन्होंने सबसे पहले सैनवा स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की तत्पश्चात विद्यालय के मानेकशॉ सभागार में विशेष सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम गर्ल्स कैडेट्स नें पुष्पगुच्छ प्रदान कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस दौरान मेजर जनरल राधाकृष्णन ने कैडेट्स के अनुशासन की प्रसंशा की तथा कहा कि अनुशासन ही सफलता का मार्ग। कैडेट्स से लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन



परीश्रम करते रहने के लिए आह्वान किया। अंत में प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल नें स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया।

## पॉली क्लीनिक का किया निरीक्षण



**रीवा.** मेजर जनरल एस. राधाकृष्णन ने ईसीएचएस पॉली क्लीनिक रीवा का निरीक्षण किया। उनके साथ कर्नल राजीव मिश्रा भी उपस्थित रहे। पॉली क्लीनिक इन्चार्ज कर्नल ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह ने उन्हें पूर्व सैनिकों के स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं तथा भविष्य की समस्याओं से अवगत कराया।

नव स्वदेश

रीवा, रविवार, 23 मार्च 2025 05

# मेजर जनरल ने ईसीएचएस रीवा का किया निरीक्षण



## सैनिक स्कूल पहुंच छात्रों का बढ़ाया हौसला

नवस्वदेश ■ रीवा

शनिवार को मुख्यालय मध्य भारत एरिया जबलपुर के मेडिकल के मेजर जनरल एस. राधाकृष्णन ने ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक रीवा का निरीक्षण किया,उनके साथ कर्नल राजीव मिश्रा, डी.ए.डी.एम.एस.उपस्थित रहे। पॉली क्लीनिक इन्चार्ज कर्नल ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह ने उन्हें विस्तार से पूर्व सैनिकों के स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं तथा भविष्य में आने वाली समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने विगत वर्ष प्राप्त नये उपकरणों एवं सुधारों के विषय में निरीक्षणकर्ता अफसरों को अवगत कराते हुए अति गंभीर बीमारियों से जूझ रहे सैनिकों के संबंध में भी जानकारी दी। पॉली क्लीनिक इंचार्ज ने भविष्य में पूर्व सैनिकों की उत्तरोत्तर बढ़ती हुई संख्या को ध्यान में रखते हुए पुनः अपग्रेडेशन की आवश्यकता पर जोर दिया। मेजर जनरल एस. राधाकृष्णन ने उपस्थित पूर्व सैनिकों को सम्बोधित करते हुए विश्वास दिलाया कि नियमों के अन्तर्गत जितनी सुविधाएँ संभव हो सकेंगी उन्हें निश्चित ही पूर्ण किया जाएगा। साथ ही उन्होंने ईसीएचएस रीवा में हो रहे प्रयासों की सराहना की।मेजर जनरल सैनिक स्कूल रीवा भी गये जहां उन्होंने वीरगति प्राप्त अधिकारियों के स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

उन्होंने कैडेटों को सम्बोधित किया।मेजर जनरल ने कहा कि भारत के इतिहास में एक ही समय में एक ही स्कूल (सैनिक स्कूल रीवा)के दो पुरा छात्रों का सेना प्रमुख व नौ सेना प्रमुख होना अद्वितीय उदाहरण है, जिस पर सभी छात्रों को गर्व होना चाहिए। उन्होंने छात्रों की हौसलाअफजाई करते हुए कहा कि उन्हें देश की सैन्य सेवा में शामिल होने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए।

रीवा, 23 मार्च 2025 SUNDAY

# मेजर जनरल एस राधाकृष्णन ने कैडट्स को किया प्रेरित

## सैनिक स्कूल में हुआ आयोजन



रीवा। सैनिक स्कूल में मेजर जनरल एस राधाकृष्णन, एम जी मेड, हेडक्वार्टर, मध्यभारत एरिया, जबलपुर का आगमन हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने सैनवा स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात विद्यालय के मानेकशॉ सभागार में विशेष सभा का आयोजन किया गया जिसमें गर्ल्स कैडेट्स नें पुष्पगुच्छ प्रदान कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। तदुपरान्त गर्ल्स लीडर प्रचेता कात्यायनी ने मुख्य अतिथि का संक्षिप्त परिचय दिया। मुख्य अतिथि ने कैडेट्स से अपने सम्बोधन में उनके अनुशासन की प्रसंशा करते हुए कहा कि आप लोगों को देखकर एहसास हो रहा है कि देश का भविष्य उज्जवल है। उन्होंने विद्यालय में कैडेट्स की दिनचर्या की प्रसंशा करते हुए उसे सफलता का मार्ग बताया तथा कैडेट्स से लक्ष्य प्राप्ति हेतु कठिन परीश्रम करते रहने के लिए आह्वान किया। इसी श्रृंखला में मुख्य अतिथि ने कैडेट्स द्वारा सेना में डॉक्टर बनने से सम्बंधित प्रश्नों के भी उत्तर दिए। अंत में प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल नें स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया व उनका धन्यवाद ज्ञापन किया। राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ।